अलविदा 2024

# एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट और कई परियोजनाएं मिलेंगी

नोएडा/ग्रेटर नोएडा। नोएडा-ग्रेनो के लिए वर्ष 2025 सौगातों से भरा होने वाला है। एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के साथ सड़कों की मजबूत कनेक्टिविटी की राह भी खुलेगी। दुर्घटना की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए नए फुटओवरब्रिज भी यहां रहने वालों के जीवन को सुगम करेंगे। वर्ष 2025 में पूरी होने वाली परियोजनाएं शहर की सुविधाओं का भी विस्तार करेंगी।




## पूरा होगा आसमान में उड़ान भरने का सपना

- नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत 17 अप्रैल 2025 से प्रस्तावित है। पहले दिन की उड़ानों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों के लिए लगभग 30 उड़ानें निर्धारित हैं। नौ दिसंबर को नागर विमानन निदेशालय की देख रेख में पहली बार रनवे पर विमान लैंड किया था। इसके बाद अब लाइसेंस की प्रक्रिया जारी है। उम्मीद है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में एयरोड्रोम लाइसेंस मिलने के बाद घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों के लिए विमान कंपनियां सेवाओं की घोषणा कर देंगी।

## नोएडा से कनेक्टिविटी की एक राह और खुलेगी



एलजी गोलचक्कर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली लिंक रोड के जरिये नए वर्ष में नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच एक और रास्ता शुरू हो जाएगा। लोग सीधे नोएडा के सेक्टर 145 के पास एक्सप्रेसवे पर पहुंच सकेंगे। आठ वर्ष से रुकी इस परियोजना में 19 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नोएडा की ओर बन रहे संपर्क मार्ग हरनंदी पुल से नोएडा एक्सप्रेसवे की 45 मीटर सर्विस रोड तक करीब 623 मीटर लंबा होगा। पूरी परियोजना पर 147 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नालेज पार्क से ये लिंक रोड करीब तीन किलोमीटर लंबा है। इसे 60 मीटर चौड़ा बनाया जाना। लिंक रोड पर एक पुल हरनंदी नदी पर सेतु निगम बनाएगा।

## भंगेल एलिवेटेड रोड से आसान होगा सफर



दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर अगाहपुर को एनएसईजेड से जोड़ने वाली 6 लेन की 5.5 किलोमीटर लंबे भंगेल एलिवेटेड रोड का काम मार्च तक पूरा हो जाएगा। इसके शुरू होने से नोएडा को सूरजपुर, दादरी और ग्रेटर नोएडा से आसानी से जोड़ा जा सकेगा। इसकी मदद से भंगेल के जाम से भी मुक्ति मिलेगी। यह एलिवेटेड रोड सदरपुर, छलेरा, आगाहपुर, बरोला और भंगेल जैसे घनी आबादी वाले गांवों के साथ-साथ सेक्टर-40, 41, 43, 47, 48, 49, 82, 88, 101, 106, 107 और 110 को भी जोड़ता है।

## दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे जुड़ेगा

- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 33 किलोमीटर लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के भी इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद है। इस सड़क को यमुना एक्सप्रेस वे व एयरपोर्ट तक जाने के लिए इंटरचेंज का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बनने से फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल और मेवात के इलाके सीधे एयरपोर्ट से जुड़ जाएंगे।

## हरियाणा तक पहुंचना होगा आसान



ग्रेटर नोएडा व फरीदाबाद को जोड़ने वाली 24 किलोमीटर लंबी मंझावली पुल परियोजना भी वर्ष 2025 में पूरी हो जाएगी। यहां 900 मीटर सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अब यूपी की ओर से रुका हुआ काम एक से दो महीने में पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना का शिलान्यास अगस्त 2014 में केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। जमीन अधिग्रहण के चलते यह काम एक वर्ष से ज्यादा समय से रुका था।

## मार्च तक पूरा हो जाएगा स्काईवॉक का काम



नोएडा में ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो को जोड़ने के लिए स्काईवॉक का काम चल रहा है। यहां से यात्रियों को एक से दूसरे स्टेशन तक जाने में आसानी होगी। इसमें सिविल के अलावा इलेक्ट्रिक का भी काम चल रहा है। मार्च तक इसका काम पूरा हो जाएगा।